छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर सोसायटी के महानिदेशक (राज्य के विश्वविद्यालय के कुलपति के समतुल्य) पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

योग्यता

स्नातकोत्तर उपाधि के साथ विज्ञान/अभियांत्रिकी में डॉक्टरेट।

अनुभव

शासकीय विभागों/संस्थानों के साथ स्वायत्त संस्थान में 8 वर्ष निदेशक/कार्यकारी संचालक/वैज्ञानिक ई के सहित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कुल 20 वर्षो का अनुभव।

कार्यकाल

महानिदेशक का कार्य काल 5 वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो तक होगी। उसे अधिकतम दो कार्यकाल की पात्रता होगी।

चयन प्रकिया

राज्य शासन द्वारा गठित खोज/चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर महानिदेशक का चयन किया जायेगा।

उक्त अनुसार योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन तीन प्रतियों में, रंगीन पासपोर्ट फोटो, बायोडाटा, योग्यता एवं कार्यअनुभव संबंधी संपूर्ण दस्तावेज के साथ संक्षेपिका (500 शब्दों में) संलग्न कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास दिनांक 09.01.2017 तक रजिस्टर्ड डाक से भेज सकते है।

आवेदन पत्र के लिफाफे में "छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर सोसायटी के महानिदेशक पद हेतु आवेदन पत्र" अनिवार्य रूप से लिखें।

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा रोजगार,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर
छत्तीसगढ़ 492 002